अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ गणतंत्र दिवस का आयोजन

गणतंत्र दिवस की 73 वीं वर्षगांठ व 74वें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी दिशा निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुबेश पाण्डे जी ने महाविद्यालय में स्थित महाविद्यालय के पूर्व छात्र शहीद जय भगवान के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद किया । तदोपरांत मुख्य अतिथि महोदय ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में प्राचार्य जी ने बताया कि आजादी प्राप्त करने में सेनाओं के साथ-साथ कवियों, राजनेताओं व रचनाकारों का भी समान योगदान रहा ।

हमारा राष्ट्रीय पर्व मनाने के पीछे जो उद्देश्य है वह आजादी के लिए कुर्बान रणबांकुरौं को याद करने का है प्राचार्य महोदय ने कहा कि हर व्यक्ति सीमा पर लड़ने तो नहीं जा सकता लेकिन अपने कार्यस्थल पर ही निष्ठापूर्वक कार्य करके राष्ट्र निर्माण व विश्वकल्याण में अपना योगदान प्रदान कर सकता है । प्राचार्य जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी उन रणबांकुरे की कुर्बानी को हृदय में रखते हुए उनके दिए गए विचारों का अनुशरण करना चाहिए । उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी । इस दौरान पूरा महाविद्यालय प्रांगन देशभक्ति के गीतों से गूंजता रहा।

इस अवसर पर एन.सी.सी की ऑफिसर डॉ.पूजा सैनी तथा एन सी सी के लगभग 40 कैडेट, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह और श्री मोहित हुड्डा, उप-अधीक्षक श्री मनमोहन सिंगला, लिपिक महेंद्र कुमार व अन्य गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे ।